# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

## –:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्याख्याता भर्ती परीक्षा–2015 के अभ्यर्थियों के चयनोपरान्त इस कार्यालय को भिजवाई गई अभिशंषा के आधार पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–4/नियुक्ति रसायन विज्ञान/पीएससी/2015/2017 प्रथम नियुक्ति आदेश दिनांक 25.10.2016 द्वारा अभ्यर्थियो के पदस्थापन आदेश जारी किये गये। तत्पश्चात् आरपीएससी से अभिशंषा, आवेदन पत्रो की जांच एवं रिजल्ट परिणाम एवं विविध कारणों के आधार पर शेष अभ्यर्थियो के आदेश दिनांक 25.10.2016 के पश्चात् जारी किये गये। इस प्रकार दिनांक 25.10.2016 के पश्चात् जारी होने वाले आदेशों से संबंधित अभ्यर्थी अनीता कुमारी ढाका व 01 अन्य द्वारा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर में याचिका संख्या 10426/2022 अनीता कुमारी ढाका व 01 बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर कर आरपीएससी वरीयता में स्वयं से न्यून वरिष्ठता धारक कार्मिकों के समान वरिष्ठता, वेतन वृद्धि एवं अन्य पारिणामिक लाभ दिये जाने की मांग की गई।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने एस.बी.सिविल याचिका संख्या 10426/2022 अनीता कुमारी ढाका व 01 बनाम सरकार में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 26.07.2022 में याचिका को एस.बी.सिविल. संख्या 7283/2014 मनोज खण्डेलवाल व अन्य बनाम सरकार में पारित निर्णय दिनांक 16.07.14 एवं एस.बी.सिविल. संख्या 19179/2017 कृष्ण लाल व अन्य बनाम सरकार में पारित निर्णय दिनांक 30.10.17 से कवर्ड किया है। याचिका संख्या 7283/2014 में माननीय न्यायालय द्वारा निर्णय दिनांक 16.07.2014 में अभिनिर्धारित किया गया है कि "If the respondent no. 02 decides to place the petitioners above in seniority than the candidates who stood lower in merit, then the petitioners would be entitled to all benefits of seniorty but they would be entitled only to notional benefits."

माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थियों द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया जिनमें मुख्य रूप से इनके द्वारा आदेश दिनांक 25.10.2016 के आधार पर स्वयं से न्यून वरिष्ठता धारक कार्मिकों के समान वरिष्ठता, वेतन वृद्धि एवं अन्य सेवा परिलाभ की मांग की है।

| क्र. सं | नाम याचिकार्थी | जन्म दिनांक | मेरिट क्रमांक | व्याख्याता पद पर नियुक्ति आदेश दिनांक | व्याख्याता पद पर कार्यग्रहण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ANITA KUMARI DHAKA | 03-05-1990 | R-104 | 16.09.2019 | 18.09.2019 |
| 2. | POOJA BIJARNIYA | 26-06-1985 | R-105 | 16.09.2019 | 21.09.2019 |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.09.07 1?:15:35 IST
Reason: Approved

उपर्युक्त अभ्यर्थियों के अभ्यावेदन का माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर मे दायर याचिका संख्या 10426/2022 के अन्तर्गत जारी निर्णय दिनांक 26.07.2022 एवं नियमों के परिप्रेक्ष में अवलोकन किया गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा व्याख्याता एवं समकक्ष अभ्यर्थियों के चयन उपरान्त विभिन्न चरणों में अभ्यर्थियों के पदस्थापन राजस्थान सेवा नियम–8 के तहत नियत मानदेय/विद्यमान वेतनमान(पूर्व से सेवारत) पर दो वर्ष के परिविक्षाधीन प्रशिक्षण काल में की गई थी।

उक्त याचिकार्थी व्याख्याता रसायन विज्ञान के पद पर रिशफल परिणाम में चयनित न होकर राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर से रसायन विज्ञान (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2015 के तहत नॉन–ज्वाईनर्स रहे अभ्यर्थियों के रिक्त पदों के विरूद्ध जारी की गई आरक्षित सूची में से पिक अप किए गए अभ्यर्थी के रूप में हुए है। जिस कारण याचिकार्थियों को नोशनल परिलाभ दिये जाने पर विचार किया जाना संभव नहीं है। अत वे नोशनल परिलाभ के हकदार नहीं होगें। उपर्युक्तानुसार अभ्यावेदन एतद् द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित सूचित हो।

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

**क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–4/रजीगृ/अनिता कुमारी ढाका व अन्य/10426/22 दिनांकः–** 07/09/23

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. विशिष्ठ सहायक माननीय शिक्षा मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक), राजस्थान , जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक), राजस्थान , जयपुर।
3. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. संबंधित संयुक्त निदेशक/मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा/जि.शि.अ. विधि जोधपुर।
5. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय) मा0शि0/मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
6. सिस्टम एनालिसिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय–हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ
7. संबंधित संस्था प्रधान राउमावि/राबाउमावि।
8. विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।/संबंधित कार्मिक।

रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation: Director
Date: 2023.09.07 1?:15:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4647964